(घ) बिना विचारे कार्य करने से निम्नलिखित हानियाँ हो सकती हैं—
(i) बाद में पछताना पड़ता है।
(ii) जग हँसाई होती है।
(iii) मन में चिंता बढ़ जाती है।
(iv) खान-पान, सम्मान तथा वातावरण कुछ भी अच्छा नहीं लगता।
(ङ) दौलत पाकर अभिमान करना उचित इसलिए नहीं है, क्योंकि यह एक जगह स्थिर नहीं रहती। आज आपके पास है तो कल किसी और के पास होगी।
(च) धन-दौल को मेहमान की संज्ञा इसलिए दी गई है, क्योंकि जिस तरह मेहमान किसी के यहाँ सदैव ही नहीं बने रहते उसी प्रकार धन-दौलत भी किसी के पास सदैव नहीं बनी रहती।
(छ) काग और कोकिला में यह अंतर होता है कि काग की आवाज़ कर्कस होती है तथा कोयल की आवाज़ मधुर होती है।

❐ व्याकरण-बोध

4.

गिरिधर	— व्यक्तिवाचक	कवि	— जातिवाचक
जग	— व्यक्तिवाचक	दौलत	— जातिवचाक
अभिमान	— भाववाचक	पाहुन	— जातिवाचक

5. अभिमान — दुर्योधन को सौ भाइयों का अभिमान था।
दौलत — संतोष सबसे बड़ी दौलत है।
ग्राहक — सच्चा व्यापारी ग्राहक को देवता मानता है।
चंचल — मन बड़ा चंचल है।

❐ योग्यता-विस्तार

6. विद्यार्थी स्वयं करें। **7.** विद्यार्थी स्वयं करें।

❐ जीवन मूल्य

8. विद्यार्थी स्वयं करें।

❐

हिंदी व्याकरण-7

1. भाषा, व्याकरण और लिपि

(क) 1. भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मन के भावों और विचारों को प्रकट किया जाता है तथा दूसरों के भावों तथा विचारों को जाना जाता है।

2. भाषा के निम्नलिखित दो रूप हैं—

◆ **मौखिक भाषा**—जो भाषा बोलकर अथवा सुनकर समझी अथवा प्रयोग की जाती है, वह मौखिक भाषा कहलाती है। इसमें ध्वनियों का प्रयोग किया जाता है। यह परिवर्तनशील है।

उदाहरण—गाना, भाषण देना, समाचार वाचन आदि।

◆ **लिखित भाषा**—जो भाषा लिखकर अथवा पढ़कर समझी अथवा प्रयोग की जाती है, उसे लिखित भाषा कहते हैं। यह अपरिवर्तनशील भाषा है।

उदाहरण—लेख, कहानी, समाचार पत्र, उपन्यास आदि।

3. जिस शास्त्र द्वारा किसी भाषा को शुद्ध बोलने, लिखने तथा, पढ़ने का ज्ञान होता है, वह व्याकरण कहलाता है।

(ख) 1. रोमन 2. देवनागरी 3. गुरुमुखी

(ग) 1. ध्वनियों 2. वर्णों 3. 22

(घ) 1. अ 2. स

❑

2. वर्ण-विचार

(क) 1. भाषा की वह सबसे छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते, वर्ण कहलाती है।

2. जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है, उन्हें स्वर कहते हैं। स्वरों के निम्नलिखित तीन भेद हैं—

(i) **ह्रस्व स्वर**—जिन स्वरों के उच्चारण में बहुत कम समय लगता है, उन्हें ह्रस्व स्वर कहते हैं;
जैसे—अ इ उ ऋ

(ii) **दीर्घ स्वर**—जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर की अपेक्षा दोगुना समय लगता है, उन्हें दीर्घ स्वर कहते हैं; जैसे—आ ई ऊ ए ऐ ओ औ

(iii) **प्लुत स्वर**—जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर की अपेक्षा तीन गुना अधिक समय लगता है, उन्हें प्लुत स्वर कहते हैं। प्लुत स्वर का प्रयोग प्राय: दूर से बुलाने के लिए किया जाता है;
जैसे—ओ३म; श्यामा३ इधर आ।

3. **व्यंजन**—जिन वर्णों का उच्चारण करने में वायु फेफड़ों से निकलती हुई सीधे कंठ से बाहर नहीं जाती तथा जिनके उच्चारण के लिए स्वरों की सहायता की आवश्यकता पड़ती है, उन्हें व्यंजन कहते हैं। हिंदी में 33 व्यंजन हैं।

व्यंजन के भेद—व्यंजन के निम्नलिखित तीन भेद हैं—

(i) स्पर्श व्यंजन

(ii) अंत:स्थ व्यंजन

(iii) ऊष्म व्यंजन

(ख) 1. 7 2. 25 वर्ण 3. आधे ह्

(ग) कान, खीर, कौआ

(घ) हंस, बंदर, रंग

(ङ) चाँद, साँप, आँख

(च) कविता—क् अ व् इ त् आ

भवन—भ् अ व् अ न् अ

❑

3. वर्ण-संयोग

स् र — स्रोत, स्राव

श् र — श्रमिक, श्रोता

द् ध — उद्धार, युद्ध

द् व — द्वार, हरिद्वार

ह् ल — आह्लाद, प्रह्लाद

र् श — दर्शन, फर्श

ज् ञ — ज्ञान, विज्ञान

ज् र — वज्र, वज्रासन

❑

4. संधि

(क) 1. वर्णों के परस्पर मेल से जो विकार अथवा परिवर्तन उत्पन्न होता है, उसे संधि कहते हैं; जैसे—शिव आलय शिवालय

रमा ईश रमेश

2. संधि के तीन भेद हैं—

- स्वर संधि—धर्म अर्थ धमार्थ
  रवि ईश रवीश
- व्यंजन संधि—जगत् ईश जगदीश
  सत् मार्ग सन्मार्ग
- विसर्ग संधि—मन: अनुकूल मनोनुकूल
  सर: ज सरोज

3. 'संधि' का अर्थ है मेल एवं 'विच्छेद' का अर्थ है—अलग-अलग होना। दो वर्णों के मेल से जो शब्द बनता है, उसे पुन: पहले वाली स्थिति में ले आना, संधि-विच्छेद कहलाता है; जैसे—पवन पो अन; निर्धन नि: धन

(ख) धर्मात्मा — महाशय
हरीच्छा — लघूत्तर
वधूर्जा — देवर्षि
मतैक्य — महौध
अन्विति — भवन
तपोभूमि — नीरोग

(ग) गुरु उपदेश — नदी ईश
रेखा अंश — कवि इंद्र
वधू उत्सव — महा उष्ण
परम औदार्य — सु आगत
शे अन — पौ अक
नि: अर्थक — नि: रस

(घ) हिम आलय हिमालय
महा उत्सव महोत्सव
रमा इंद्र रमेंद्र
अधि एता अध्येता
सु आगत स्वागत
लघु ऊर्मि लघूर्मि
पितृ आलय पित्रालय

❑

5. शब्द-निर्माण: समास

(क) 1. जब दो अथवा दो से अधिक शब्दों के मेल से एक नए स्वतंत्र शब्द की रचना की जाती है, तो उस शब्द की रचना विधि, समास कहलाती है।
दीवार के लिए घड़ी दीवारघड़ी
घोड़े पर सवार घुड़सवार

2. समास के निम्नलिखित चार भेद होते हैं—
- अव्ययीभाव समास—यथासंभव—जैसे संभव हो
  आजन्म—जन्म से लेकर
- तत्पुरुष समास—नगरगत—नगर को गया हुआ
  जन्मरोगी—जन्म से रोगी

- द्वंद्व समास—भाई-बहन—भाई और बहन
  गुरु-शिष्य—गुरु और शिष्य
- बहुव्रीहि समास—त्रिलोचन—तीन है लोचन जिसके (शंकर)
  पंकज—पंक से जन्मा (कमल)

3. कर्मधारय और बहुव्रीहि समास में अंतर—

क्र.सं.	कर्मधारय समास	बहुव्रीहि समास
1.	इसमें दोनों पदों में विशेषण-विशेष्य या उपमान-उपमेय का संबंध होता है।	इसमें दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की विशेषता प्रकट करते हैं।
2.	**उदाहरण**—नीलकंठ—नीला कंठ पीतांबर—पीला अबंर (वस्त्र)	**उदाहरण**—नीलकंठ—नीला है कंठ जिसका (शिव); पीतांबर—पीले अबंर (वस्त्र) हैं जिसके (श्रीकृष्ण) या विष्णु।

4. बहुव्रीहि समास तथा द्विगु समास में अंतर

क्र.सं.	बहुव्रीहि समास	द्विगु समास
1.	यदि दोनों के मेल से कोई अन्य अर्थ निकल रहा हो, तो बहुव्रीहि समास होता है।	यदि समस्तपद में पहला पद संख्यावाची हो, तो द्विगु समास होता है।
2.	**उदाहरण**—चतुर्भुज—चार भुजाएँ हैं जिसकी अर्थात् विष्णु	**उदाहरण**—चतुर्भुज—चार भुजाएँ

(ख) गज के समान है मुख जिसका — बहुव्रीहि समास
हाथ के लिए कड़ी — तत्पुरुष समास
महान है जो देव — कर्मधारय समास

(ग) रातोंरात — पंकज
नवरत्न — चराचर

(घ) 1. नमन कामचोर है। 2. जन्मरोगी व्यक्ति परलोकगमन कर गया।
3. सेनानायक को बुलाया गया। 4. भयभीत व्यक्ति तुरंत भाग निकला।

❑

6. शब्द-निर्माण: उपसर्ग और प्रत्यय

(क) 1. जो शब्दांश मूल शब्द के प्रारंभ में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता अथवा परिवर्तन उत्पन्न करते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं;
जैसे—कु पुत्र कुपुत्र
उप वन उपवन

2. उपसर्ग की विशेषताएँ—
   - उपसर्ग शब्दों के प्रारंभ में जोड़े जाते हैं; जैसे—परि पूर्ण परिपूर्ण
   - उपसर्गों का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता है। ये केवल शब्दों के प्रारंभ में जोड़े जाते हैं; जैसे—यदि 'अप', 'वि' 'अनु' आदि उपसर्गों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग किया जाए तो इनका कोई अर्थ नहीं निकलता।
3. जो शब्दांश शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थ में परिवर्तन अथवा विशेषता उत्पन्न कर देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं;
   जैसे—नौकर आनी नौकरानी
   दूध वाला दूधवाला
4. प्रत्यय के निम्नलिखित दो भेद होते हैं।
   - **कृत् प्रत्यय**—क्रिया (धातु) के पीछे लगकर संज्ञा और विशेषण शब्दों की रचना करने वाले प्रत्ययों को कृत् प्रत्यय कहते हैं। इसके मेल से बनने वाले शब्द 'कृदंत' कहलाते हैं;
     जैसे—लिख आवट लिखावट (क्रिया या धातु प्रत्यय)
   - **तद्धित प्रत्यय**—जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम अथवा विशेषण के अंत में लगकर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

(ख)	अधर्म	आजन्म
	अभिनेता	अपूर्ण
	दुष्कर्म	दुर्गुण
	अवशेष	परदेश
	पराजय	निडर

(ग)	तपस्वी, तपित	पक्षीय, पाक्षिक
	कालीन, कालिक	सर्वस्व, सर्वनाश
	देशी, देशत्व	ज्ञानी, ज्ञानवान

(घ)	बेकाबू	भरपेट	उत्थान
	अवगुण	सुप्रभात	पुरातन
	निर्दोष	परिणाम	अंतरात्मा
	निडर	लाइलाज	अभिनय

(ङ)	पठन	घटिया
	फलवाला	गुरुत्व
	चालू	भवानी

(च)	**सम्मान**	**अपमान**
	उपयोग	दुरुपयोग
	सुयश	अपयश
	अवगुण	दुर्गुण
	सुपुत्र	कुपुत्र
	सज्जन	दुर्जन

(छ) **मूल शब्द** **उपसर्ग**

तीस	उन
आचार	अति
आदि	अन
जन	सद्
चरण	आ

(ज)

इत	वती
इयत	पन
अगी	आ

(झ) 1. पिताजी सब्जी में अलग से नमक मिलाते हैं।
2. दवाई का स्वाद हल्का नमकीन था।
3. उसे अब तक गाने के बोल याद थे।
4. उत्तर प्रदेश में बहुत-सी जगह हरयाणवी बोली जाती है।

❑

7. शब्द-विचार

(क) 1. वर्णों का वह समूह जिसका निश्चित अर्थ होता है, शब्द कहलाता है;
जैसे—भ व न भवन

2. अर्थ के आधार पर शब्द के छह भेद हैं—

(i) **पर्यायवाची**—जिन शब्दों के अर्थ समान होते हैं, वे पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं;
जैसे—पानी : जल, नीर, वारि।

(ii) **विलोम**—जो शब्द एक-दूसरे का विपरीत अर्थ प्रदान करते हैं, उन्हें **विलोम** अथवा **विपरीतार्थक शब्द** कहते हैं; जैसे—रात-दिन, अच्छा-बुरा आदि।

(iii) **अनेकार्थी**—जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं, उन्हें **अनेकार्थी शब्द** कहते हैं;
जैसे—काल : मृत्यु, समय; तीर : बाण, किनारा।

(iv) **वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द**—अनेक शब्दों के स्थान पर आने वाले एक शब्द को **वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द** कहते हैं;
जैसे—सप्ताह में एक बार होने वाला : साप्ताहिक; जो कभी बूढ़ा न हो - अजर

(v) **एकार्थी**—जिन शब्दों के एक-एक अर्थ होते हैं, उन्हें एकार्थी शब्द कहते हैं;
जैसे—नृत्य-नाच, मृत्यु - मौत, वायु - हवा आदि।

(vi) **समानाभासी शब्द-युग्म**—कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनकी वर्तनी में भिन्नता होते हुए भी उच्चारण में इतना कम अंतर होता है कि वे एकसमान सुनाई देते

हैं। ऐसे शब्दों को समानाभासी शब्द-युग्म अथवा समश्रुतिभिन्नार्थक शब्द कहते हैं; जैसे—

ओर — तरफ	ज़रा — बुढ़ापा	शाम — संध्या
और — दूसरा	जरा — थोड़ा	श्याम — काला, साँवला

3. रचना अथवा बनावट के आधार पर शब्द के निम्नलिखित तीन भेद हैं—
   (i) रूढ़ शब्द : उदाहरण—चित्र, हाथी
   (ii) यौगिक शब्द : रसोईघर, देवदूत, पानवाला
   (iii) योगरूढ़ शब्द : नीलकंठ, चतुर्भुज
4. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के चार भेद हैं—
   (i) तत्सम शब्द
   (ii) तद्भव शब्द
   (iii) देशज शब्द
   (iv) विदेशज शब्द

(ख) कान | कुआँ
घर | हाथ
चैत | पिता
दाँत | जाँघ

(ग) जल वायु | हिम आलय
पाठ शाला

(घ) रूढ़—दीवार, पेड़, पुस्तक, लंगूर
यौगिक—भावार्थ, सूर्योदय, नरेश, परोपकार
योगरूढ़—दशानन, चतुर्भुज, नीलकंठ, पंकज

(ङ) तीर—किनारा, एक प्रकार का अस्त्र
काल—समय, यमराज
दंड—सजा, डंडा
कनक—सोना, धतूरा, गेहूँ

(च) अरबी, अंग्रेजी, तुर्की, पुर्तगाली

❑

8. शब्द-विवेक

(क) 1. अमृत—सुधा, सोम; सिंह—शेर, वनराज।

(ख) नम्रता | विष | रात
कठोर | अरुचि | दानव

(ग) अनिल भूपति

(घ) कठोर | | कृतघ्न
(क) अग्रज | वक्ता | अजन्मा
स्थलचर | गणितज्ञ | दर्शनीय

(ख) गोद, नाटक का भाग | गुण, अंश
बादल, घना | जीवन, प्रतिष्ठा
रिक्त स्थान, आकाश | बड़ा, शिक्षक

(ग) अचार—आम, नींबू आदि का अचार | ओर—तरफ
आचार—आचरण | और—तथा
अपेक्षा—उम्मीद | आदि—शुरू
अपेक्षा—अपमान | आदी—अभ्यस्त
अलसी—एक अनाज | कुल—वंश
आलसी—सुस्त | कूल—किनारा

(घ) गुच्छा | टुकडी
गट्ठर | गड्डी
समूह | गिरोह
माला | ढेर

❑

9. संज्ञा

(क) 1. संज्ञा के निम्नलिखित तीन भेद हैं—

- **व्यक्तिवाचक संज्ञा**—जिस संज्ञा से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि का बोध होता है, उसे **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—नमन, गीता, रामायण, गंगा, रोहतक, सोनीपत, भारत, जापान आदि।

  (i) **विशेष व्यक्तियों के नाम**—अटल बिहारी वाजपेयी, अमिताभ बच्चन, जवाहर लाल नेहरू, सचिन तेंदुलकर आदि।

  (ii) **विशेष स्थानों के नाम**—विद्यालय, दिल्ली, सोनीपत, मैसूर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, कोलकाता, आदि।

  (iii) **विशेष वस्तुओं के नाम**—रामायण, कुरान, बाइबिल आदि।

  (iv) **विशेष प्राणियों के नाम**—चेतक (घोड़े का नाम), ऐरावत (हाथी का नाम)।

- **जातिवाचक संज्ञा**—जो संज्ञा शब्द किसी विशेष व्यक्ति को न बताकर उसकी संपूर्ण जाति का बोध कराएँ, उन्हें **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—पुस्तक-समस्त पुस्तकों का, नदी-सभी नदियों का, मनुष्य-पूरी मनुष्य जाति का तथा देश-सभी देशों का बोध कराता है। अत: ये जातिवाचक संज्ञाओं के उदाहरण हैं।

- **भाववाचक संज्ञा**—वे संज्ञा शब्द जो किसी गुण, दशा, भाव आदि का बोध कराते हैं, **भाववाचक संज्ञा** कहलाते हैं; जैसे—सुंदरता, भिन्नता, यौवन, भूख, लड़ाई, बुढ़ापा आदि।

  (i) **समुदायवाचक संज्ञा**—जिस संज्ञा शब्द से समूह अथवा समुदाय का बोध हो, उसे **समुदायवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—कक्षा, सभा, भीड़, सेना, परिवार आदि।

  (ii) **द्रव्यवाचक संज्ञा**—जिन संज्ञा शब्दों से किसी पदार्थ अथवा धातु का बोध हो, उसे **द्रव्यवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—पीतल, सोना, ताँबा, दूध, घी, कोयला, चावल, गेहूँ आदि।

2. जिस संज्ञा शब्द से समूह अथवा समुदाय का बोध हो, उसे समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—कक्षा, सभा, भीड़, सेना, परिवार आदि।
3. जिन संज्ञा शब्दों से किसी पदार्थ अथवा धातु का बोध दो, उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—पीतल, सोना, ताँबा, दूध, घी, कोयला आदि।

(ख)	सतीत्व	नेतृत्व	स्त्रीत्व	अपनापन
	स्वत्व	वीरता	हँसी	लड़ाई
(ग)	1. नेतृत्व	2. अपनापन	3. बचपन	
(घ)	मम	व्यक्ति	सती	महँगा
	धोना	बच्चा	नेता	उदार

❑

10. संज्ञा-विकार : लिंग, वचन और कारक

(क) 1. संज्ञा के जिस रूप से उसके पुरुष जाति अथवा स्त्री जाति के होने का पता चलता है, उसे लिंग कहते हैं; जैसे—लड़का-लड़की, शेर-शेरनी आदि।

2. **लिंग के भेद**—लिंग के निम्नलिखित दो भेद हैं—
   - **पुल्लिंग**—जो शब्द पुरुष जाति का बोध कराते हैं, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं; जैसे—मोर, लड़का, शेर, हिरण, पर्वत, कमरा, पत्र, चित्र, तोता, गधा आदि।
   - **स्त्रीलिंग**—जो शब्द स्त्री जाति का बोध कराते हैं, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं; जैसे—मोरनी, लड़की, शेरनी, हिरणी, पहाड़ी, खिड़की, चिट्ठी, तस्वीर, गधी आदि।
3. शब्द के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह एक के लिए है अथवा एक से अधिक के लिए, उसे वचन कहते हैं; जैसे—केला-केले, तितली-तितलियाँ आदि।
4. **वचन के भेद**—वचन के निम्नलिखित दो भेद हैं—
   - **एकवचन**—जिस शब्द से किसी एक व्यक्ति, एक वस्तु या पदार्थ का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं;
     जैसे—मनीष **तितली** पकड़ता है।
     सुनीता **केला** खाती है।

- **बहुवचन**—जिस शब्द से अनेक व्यक्तियों, अनेक वस्तुओं अथवा पदार्थों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं;
  जैसे—मनीष **तितलियाँ** पकड़ता है।
  सुनीता **केले** खाती है।

5. क्रिया शब्दों से भी वचन की सरलता से पहचान की जा सकती है; जैसे—

1. मोर नाच रहा है।	2. हाथी पानी पी रहा है।	3. बालक पढ़ेगा।
मोर नाच रहे हैं।	हाथी पानी पी रहे हैं।	बालक पढ़ेंगे।

ऊपर दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों से वचन की अर्थात् एकवचन व बहुवचन की पहचान नहीं होती है। इन वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं से एकवचन तथा बहुवचन का पता चलता है; जैसे—

नाच रहा है (क्रिया, एकवचन)	पी रहा है (क्रिया, एकवचन)
नाच रहे हैं (क्रिया, बहुवचन)	पी रहे हैं (क्रिया, बहुवचन)
पढ़ेगा (क्रिया, एकवचन)	पढ़ेंगे (क्रिया, बहुवचन)

- आदरसूचक शब्दों में क्रिया बहुवचन की लगाई जाती है—
  1. अध्यापिका पढ़ा रही हैं। 2. पिताजी फल लाए हैं। 3. आप कहाँ जा रहे हैं?
- कई बार जातिवाचक शब्द एकवचन में बहुवचन का बोध कराते हैं—
  1. मुंबई के केले प्रसिद्ध हैं। 2. नागपुर के संतरे प्रसिद्ध हैं। 3. उसके पास एक लाख रुपये हैं।

6. संज्ञा अथवा सर्वनाम का क्रिया के साथ संबंध बताने वाले शब्द कारक कहलाते हैं; जैसे—लता **ने** सब्जी खरीदी।
   उसने दुकानदार **को** पैसे दिए।
7. कारक के निम्नलिखित आठ भेद हैं—
   - कर्ता
   - कर्म
   - करण
   - संप्रदान
   - अपादान
   - संबंध
   - अधिकरण
   - संबोधन

(ख) शिष्य	देवा
डिब्बा	नाग
रूपवान	नर-कोयल
(ग) शिवानी	गुणवती
भीलनी	बालिका
मादा भालू	स्वामिनी

(घ) मकान-पुल्लिग | झोपड़ी-स्त्रीलिंग
पैर-पुल्लिग | डंडा-पुल्लिग

(ङ) 1. लड़की 2. चिड़िया 3. खिड़कियाँ
4. समोसे 5. छात्राएँ

(च) 1. चिड़िया—हरी चिड़िया पिंजरे में बंद है।
चिड़ियाँ—शिकारी को देखकर सारी चिड़ियाँ उड़ गयीं।
2. पंखा—मेरे कमरे का पंखा तेज नहीं चलता।
पंखे—गर्मी से बचने के लिए रोहन ने बहुत-से पंखे लगा लिए।
3. छात्र—कक्षा में एक छात्र की तबीयत खराब हो गयी।
छात्रगण—प्रार्थना के बाद सभी छात्रगण कक्षा में आ गए।

(छ) शाखाएँ | गुरुजन
गौएँ | लताएँ
डिबियाँ | चींटियाँ
देवियाँ | नीतियाँ
गधे | कुतियाँ
प्रजाजन | हम

(ज) 1. माँ ने भोजन पकाया। 2. वृक्ष से पत्तियाँ गिरती हैं।
3. उषा ने साबुन से कपड़े धोए। 4. बंदर छत पर बैठा है।

(झ) 1. राम ने पुस्तक पढ़ी। 2. बच्चा सो रहा था।
3. राधिका को पानी चाहिए। 4. गीता रीना से मोटी है।

(ञ) 1. संप्रदान कारक 2. कर्म कारक
3. कर्म कारक 4. संप्रदान कारक

(ट) 1. छत पर मत खेलो। 2. बालक ने गरीब को रोटी दे दी।
3. नेहा के द्वारा पुस्तक को पढ़ा गया। 4. उसे अभी चले जाना है।

❑

11. सर्वनाम

(क) 1. सर्वनाम की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।
संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं; जैसे—मैं, तुम, हम, हमने, मुझे, वह आा
2. सर्वनाम के छ: भेद हैं—
- पुरुषवाचक सर्वनाम—मैं, तुम
- निश्चयवाचक सर्वनाम—यह मेरा गुलदस्ता है।
ये उसकी पुस्तकें है।
- अनिश्चयवाचक सर्वनाम—भिखारी को कुछ दे दो।
रमा से कोई मिलने आया है।

◆ संबंधवाचक सर्वनाम—जो पढ़ेगा सो, पास होगा।
जैसा किया है, वैसा भरो।
◆ प्रश्नवाचक सर्वनाम—इतनी अच्छी खीर किसने बनाई?
सेब कौन लेकर आया है।
◆ निजवाचक सर्वनाम—उसने अपने आप सब्जी बनाई थी।
वह खुद ही आ जाएगी।

3. पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं—
(i) उत्तम पुरुष (ii) मध्यम पुरुष (iii) अन्य पुरुष

(ख) 1. स्वयं—उसने स्वयं ही अपना गृहकार्य पूरा कर लिया।
2. तुम—तुम कितने दुबले हो गए हो।
3. किसने—उसका पत्र किसने लिखा?

(ग) 1. उसका नाम मुझे नहीं मालूम।
2. हमने उनसे कहा था।
3. किसने दवात चुराई है?

(घ) 1. तुम 2. स्वयं 3. उसने

(ङ)

वे	हम	हमसे
किनको	तुम सब	आपको
उनके लिए	हमारे द्वारा	उनके द्वारा

(च) 1. मुझे 2. मुझसे 3. उससे

❑

12. विशेषण

(क) 1. संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दोष, संख्या, मात्रा आदि बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।
उदाहरण—रमन ने **ताजे** फल खाए।
मैंने **थोड़ा** दूध पिया।

2. विशेषण के निम्नलिखित चार भेद हैं—
◆ गुणवाचक विशेषण
◆ संख्यावाचक विशेषण
◆ परिमाणवाचक विशेषण
◆ सार्वनामिक अथवा संकेतवाचक विशेषण

3.

परिमाणवाचक विशेषण	संख्यावाचक विशेषण
ऐसे विशेषण जिनका प्रयोग उन वस्तुओं के साथ होता है जिन्हें केवल नापा-तौला जा सकता है, परिमाणवाचक विशेषण के रूप में जाने जाते हैं; जैसे— 1. **कुछ** सब्जी देना। 2. मैंने **दो लीटर** दूध खरीदा।	ऐसे विशेषण जिनका प्रयोग गिनी जाने वाली वस्तुओं के साथ होता है, वे संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे— 1. **कुछ** पुस्तकें लाना। 2. मैंने **दो दर्जन** केले खरीदे।

4.

सर्वनाम	सार्वनामिक विशेषण
ऐसे किसी सार्वनाम का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, तो वह सर्वनाम ही रहता है; जैसे— 1. यह कल नहीं आया था। 2. वे दौड़ रहे हैं।	ऐसे सर्वनाम जिनका प्रयोग संज्ञा के साथ होता है, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं; जैसे— 1. यह लड़का कल नहीं आया था। 2. वे बालक दौड़ रहे हैं।

(ख) 1. सभी ने मिलकर धार्मिक कार्य के लिए पैसे इकट्ठे किए।
2. शेर मरा नहीं था, बल्कि जीवित था।
3. फ्रांस ने भारत को लड़ाकू विमान भेजे।
4. मण्डप के भीतरी भाग में आग लगी थी।

(ग)

आर्थिक	सामाजिक
नैतिक	दूधवाला
कैसा	ऐसा
घृणित	राष्ट्रीय

(घ)

स्थल	गुण
देश	बाघ
उद्यान	अविष्कार
काँटे	हरी

(ङ) 1. राष्ट्रीय 2. तैराक 3. संचित 4. रेशमी

❑

13. क्रिया

(क) 1. जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उसे क्रिया कहते हैं;
जैसे—रीमा **गाती** है।
बच्ची **हँसती** है।

2. कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद पाए जाते हैं—

- **सकर्मक क्रिया**—वे क्रियाएँ जिनके साथ कर्म लगे तथा क्रिया का फल कर्म पर पड़े, सकर्मक क्रिया कहलाती हैं; जैसे—लता ने **खाना** खाया। वह **पत्र** लिखता है।
- **अकर्मक क्रिया**—वे क्रियाएँ जिनके साथ कर्म न लगे तथा क्रिया का व्यापार एवं फल दोनों कर्ता पर पड़े, अकर्मक क्रिया कहलाती हैं; जैसे—रमन हँस रहा है। घोड़ा दौड़ रहा है।

3. रचना की दृष्टि से क्रिया के चार भेद हैं—प्रेरणार्थक क्रिया, संयुक्त क्रिया, नामधातु क्रिया तथा पूर्वकालिक क्रिया।

(ख) 1. अकर्मक क्रिया 2. सकर्मक क्रिया
3. अकर्मक क्रिया 4. सकर्मक क्रिया
5. अकर्मक क्रिया

(ग) 1. बच्ची को सुला दिया है।
2. गाय बछड़े को दूध पिलाती है।
3. पिताजी मुझे भाई के द्‌वारा बुलवाते हैं।
4. माँ मुझसे कपड़े धुलवाती हैं।
5. वह मजदूर से काम करवाता है।

(घ) 1. सोता है। 2. है। 3. थे।
4. खरीदा। 5. लिखा।

❑

14. क्रिया : काल और वाच्य

(क) 1. क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का पता चलता है, वह काल कहलाता है।
काल के तीन भेद हैं—
1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल

2. भूतकाल के निम्नलिखित छ: भेद हैं—
(i) सामान्य भूत (ii) आसन्न भूत
(iii) पूर्ण भूत (iv) अपूर्ण भूत
(v) संदिग्ध भूत (vi) हेतुहेतुमद्‌ भूत

3. जहाँ बीते हुए समय में कार्य होने का बोध हो, उसे सामान्य भूत कहते हैं; जैसे—रमन ने पतंग बनाई।
जहाँ निकट भूत में क्रिया की समाप्ति पाई जाए, उसे आसन्न भूत कहते हैं; जैसे—वह अभी आया है।
4. क्रिया के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि लिंग तथा वचन का प्रयोग कर्ता, कर्म अथवा भाव में से किसके अनुसार किया गया है, उसे वाच्य कहते हैं।
5. **वाच्य के भेद**—वाच्य के निम्नलिखित तीन भेद हैं—
   - **कर्तृवाच्य**—जिस वाक्य में क्रिया का रूप कर्ता के लिंग एवं वचन के अनुसार होता है, उसे **कर्तृवाच्य** कहते हैं; जैसे—1. राजीव क्रिकेट खेलता है। 2. श्रीकांत रोटी खाता है।
   - **कर्मवाच्य**—किसी वाक्य में जब क्रिया का रूप कर्ता के रूप के अनुसार न होकर कर्म के अनुसार हो, तो उसे **कर्मवाच्य** कहते हैं; जैसे—1. सुशीला से फल खरीदे जा रहे हैं। 2. लड़की से सेब खाया जाता है।
   - **भाववाच्य**—जिस वाक्य में क्रिया कर्ता अथवा कर्म के लिंग एवं वचन के अनुसार न होकर स्वयं अपने भाव के अनुसार हो, उसे भाववाच्य कहते हैं; जैसे—1. दादाजी से चला नहीं जाता। 2. मुझसे बोला नहीं जाता। 3. बच्ची से सोया नहीं जाता।

(ख) 1. माताजी बाजार से आई हैं। 2. शायद वे लोग आएँ। 3. बंदरिया नाच रही थी। 4. बद्री आ रहा होगा। 5. आज विद्यालय बंद रहेगा।

(ग) 1. नेहा से पढ़ा नहीं जाता। 2. चमन से रोया जाता है। 3. वृद्ध से चला नहीं जाता। 4. बच्ची से सोया नहीं जाता। 5. उससे हँसा जाता है।

(घ) 1. रोहित से पतंग उड़ाई जाती है। 2. आरती से खेला जा रहा था। 3. मोहित से पुस्तक पढ़ी जाती है। 4. नरेश से फल खाया जाता है। 5. नर्तकी से नृत्य किया जाता है।

(ङ) 1. मैं सोना चाहता हूँ। 2. आपने सुना होगा। 3. क्या तुमने खाना खा लिया? 4. उसके मामाजी आए हैं। 5. रोहित ने मुझे बड़ी गेंद दी।

(च) 1. क्या तुमने खाना खा लिया है? 2. मुझसे उठा नहीं जाता। 3. सेब हमसे खाया नहीं जाता। 4. बद्री को खेत जोत देना चाहिए। 5. नेहा की दादीजी से चला नहीं जाता।

(छ) 1. लिखेंगे 2. खाइए 3. जाएगा 4. मिलेगा 5. देखा

(ज) कर्तृवाच्य से भाववाच्य बनाना

- क्रिया को अन्य पुरुष एकवचन में कर दिया जाता है एवं कर्ता के साथ 'से' जोड़ दिया जाता है।
- क्रिया को सामान्य भूत में बदल दिया जाता है। इसके अतिरिक्त काल के अनुसार 'जाना' क्रिया का रूप जोड़ दिया जाता है; जैसे—

कर्तृवाच्य	**भाववाच्य**
1. वह नहीं चलता है।	उससे चला नहीं जाता।
2. बच्चा नहीं बैठता।	बच्चे से बैठा नहीं जाता।

(झ) कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य बनाना

- कर्तृवाच्य के कर्ता में 'से', 'के द्वारा' अथवा 'द्वारा' जोड़ दिया जाता है।
- इसकी मुख्य क्रिया को सामान्य भूतकाल की क्रिया बना दिया जाता है तथा इसके लिंग व वचन को कर्म के अनुसार बदल दिया जाता है।
- 'जाना' क्रिया को कर्तृवाच्य की मुख्य क्रिया के काल के अनुसार मिलाकर मुख्य क्रिया में जोड़ दिया जाता है। इसके लिंग व वचन कर्म के अनुसार होते हैं; जैसे—

कर्तृवाच्य	**कर्मवाच्य**
1. रेखा गाना गा रही है।	रेखा से गाना गाया जा रहा है।
2. राम पौधा लगाता है।	राम द्वारा पौधा लगाया जाता है।

❏

15. अव्यय : क्रिया-विशेषण

(क) 1. जिस शब्द से क्रिया की विशेषता जानी जाती है, उसे क्रिया-विशेषण कहते हैं। उदाहरण—दिनभर, अवश्य, भीतर आदि।

2. जिन शब्दों से संज्ञा अथवा सर्वनाम का वाक्य के अन्य शब्दों के साथ संबंध जाना जाता है, उन्हें संबंधबोधक कहते हैं;
जैसे—चार बजे **से पहले** घर पहुँच जाना।
घर **के अन्दर** चोर घुस गए।

3. जो दो शब्दों अथवा पदों, वाक्यांशों और उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य करते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक कहते हैं;
जैसे—मोहन **और** दिनेश पढ़ रहे हैं।
तुम जाओगे **या** मार खाओगे।

4. जो शब्द घृणा, विस्मय, शोक, हर्ष, भय, आदि भावों का बोध कराते हैं, उन्हें विस्मयादिबोधक कहते हैं।

(ख) 1. मन्द-मन्द 2. धीरे 3. महँगे 4. कठोर 5. कम

(ग) के पास-संबंधबोधक—राहुल के पास काली बिल्ली है।
क्रिया-विशेषण—सुभाष के पास बैठना बहुत मुश्किल है।
के विरुद्ध-संबंधबोधक—मैं हरेंद्र के विरुद्ध गवाही नहीं दूँगा।
क्रिया-विशेषण—उनके विरुद्ध लड़ना भी सौभाग्य की बात है।
के बाद-संबंधबोधक—राम के बाद मोहन आया।
क्रिया-विशेषण—आज वह बहुत दिनों बाद आया।
के अंदर-संबंधबोधक—फ्रिज के अंदर सब्जियाँ रखी हैं।
क्रिया-विशेशण—वह अन्दर बैठा है।

(घ) 1. अरे!—अरे! तुम अंदर कैसे आ गए?
2. हाय!—हाय! बीमारी ने इसका क्या हाल कर दिया?
3. वाह!—वाह! क्या खूबसूरत तस्वीर बनाई है?
4. छि!—छि! यहाँ कितनी बदबू है?

(च) 1. यदि—यदि वर्षा हुई तो हम नहीं जा पाएँगे।
2. तो—अगर वह गया तो मैं भी चलूँगा।
3. यद्यपि—यद्यपि वह बहुत गरीब है लेकिन फिर भी ईमानदार है।
4. इसलिए—वह गूँगा है इसलिए नहीं बोल पाता।

❏

16. वाक्य-विचार

(क) 1. पदों के ऐसे पारस्परिक मेल को, जिससे पूर्ण अर्थ का बोध हो, वाक्य कहते हैं। वाक्य के दो खण्ड किए जा सकते हैं—उद्देश्य तथा विधेय
- वाक्य में जिसके विषय में बताया जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं। वाक्य का कर्ता तथा कर्ता का विस्तार उद्देश्य होते हैं; जैसे—
1. **नमन** पढ़ रहा है। 2. **भौतिकशास्त्री रामप्रकाश** छात्रों को पढ़ा रहे हैं।
- वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ बताया जाता है, वह विधेय कहलाता है; जैसे—1. निर्धन बालक **भीख माँग रहा है**।

(ख) 1. वे अधिक मेहनती नहीं है। क्या वे अधिक मेहनती हैं?
2. शायद वह सो गया।
3. क्या! राधा पत्र पढ़ती है। राधा पत्र पढ़ती है।
4. कमरे से बाहर चले जाओ।

(ग) 1. जैसे ही दिन निकला पक्षी चहचहाने लगे।
2. जैसे ही शाम होगी हम खेलने जायेंगे।
3. जो छात्र कक्षा में प्रथम आया है, उसे मैं जानता हूँ।
4. जब रुपए मिलेंगे तब हम बैट खरीदेंगे।

(घ) 1. परिचालक के सीटी बजाते ही बस चल पड़ी।
2. हम चिड़ियाघर देखने जायेंगे।
3. शाम होते ही बच्चे टी०वी० देखने लगे।
4. रमा के आने पर निशा चली गई।
5. खाना बनाने वाली खाना परोसेगी।
6. रमन ने अलमारी खोलकर कमीज निकाली।

❑

17. विराम-चिह्न

(क) (।) पूर्ण-विराम (?) प्रश्नवाचक चिह्न (;) अर्ध-विराम
(—) निर्देशक चिह्न (!) विस्मयसूचक चिह्न (“ ”) उद्धरण चिह्न

(ख) 1. हमें सुख-दुख, लाभ-हानि की चिंता नहीं करनी चाहिए।
2. पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा, “बाँध आधुनिक भारत के मंदिर हैं।”
3. तुम कल कहाँ रह गए थे?
4. वाह! क्या चित्र बनाया है।
5. अरे! तुम दिल्ली नहीं गए।
6. महेश, राधा, चंदा, रेखा और मोनू विद्यालय गए हैं।
7. दादीजी चली गईं; फिर आएँगी।
8. महाभारत किसने लिखी?

❑

18. मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ

(क) 1. जब कोई वाक्यांश अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करता है, उसे मुहावरा कहते हैं।

(ख) 1. अँगूठा दिखाना (देने से स्पष्ट मना करना) मेरे रुपए माँगने पर रमन ने अँगूठा दिखा दिया।
2. उल्लू बनाना (मूर्ख बनाना) भोले-भाले लोगों को उल्लू बनाना आसान है।
3. खाक छानना (मारे-मारे फिरना) जुए में सारा पैसा लुटाने के बाद रामनाथ दो वक्त की रोटी के लिए खाक छानता फिरता है।
4. गुड़ गोबर एक करना (बात बिगाड़ देना) जब बात बनने वाली थी तभी श्याम ने आकर टोक दिया, सारा मामला गुड़ गोबर होकर रह गया।
5. घुटने टेकना (हार मान लेना) हमें परिस्थितियों के आगे घुटने नहीं टेकने चाहिए।
6. रंग लाना (प्रभाव दिखाना) नेहा की मेहनत रंग लाई, वह कक्षा में प्रथम आ गई।

7. डूब मरना (बहुत लज्जित होना) इतनी सरल-सी पहेली हल न कर सके, तुम्हें तो डूब मरना चाहिए।
8. बरस पड़ना (क्रोधित होना) पुत्र को आधी रात को घर में घुसते देख पिता उस पर बरस पड़े।

(ग) 1. अंत भले का भला (अच्छे काम का अच्छा परिणाम होता है) रमन, सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि अंत भले का भला होता है।
2. जिसकी लाठी उसकी भैंस (बलवान की विजय होती है) नरेंद्र ने अपने पड़ोसी की जमीन बलपूर्वक हथिया ली। किसी ने सच ही कहा है—जिसकी लाठी उसकी भैंस।
3. एक अकेला दो ग्यारह (संगठन में शक्ति होती है) यदि मिलकर काम करोगे तो अवश्य सफल हो जाओगे, क्योंकि एक अकेला, दो ग्यारह।
4. साँच को आँच नहीं (सच्चे मनुष्य को भय नहीं सताता) मैं सच्चा हूँ, मेरे पास सबूत हैं, फिर मैं किसी से कयों डरूँ। साँच को आँच नहीं।
5. मुँह में राम बगल में छुरी (ऊपर से मित्रता, मन से शत्रुता) रोहित से बचकर रहना। वह जैसा दिखता है, वैसा है नहीं। उसके मुँह में राम बगल में छुरी है।
6. विद्यार्थी स्वयं करें।
7. अपनी करनी पार उतरनी (अपने परिश्रम से व्यक्ति सफल होता है) तुम कोशिश करोगे तो नौकरी अवश्य मिलेगी। सुना नहीं तुमने, अपनी करनी पार उतरनी।

❑

19. अपठित गद्यांश

(क) 1. उस दिन दुर्गा पूजा का त्योहार मनाया जा रहा था।
2. मोहल्ले में बड़ा-सा पंडाल लगा था।
3. पंडाल के आगे अनगिनत लोगो की भीड़ जमा थी।
4. पुरोहित जी ने मंत्रों का उच्चारण किया।
5. मेरा प्रिय त्योहार-दुर्गापूजा

(ख) 1. अनुशासन का अर्थ है—अपने आवेगों और शक्तियों को उस व्यवस्था के अधीन करना जो अराजकता का अंत करती है एवं जो अकुशलता और अपव्यय के स्थान पर कुशल और मितव्ययता की स्थापना करती है।
2. मनुष्य को जीवन के हर क्षेत्र में चाहे, वह खेल हो या मनोरंजन, घर हो अथवा विद्यालय या फिर सभा या समारोह, सभी जगह अनुशासन के नियमों का पालन करना पड़ता है।
3. मनुष्य की सफलता व जीवन का सुख अनुशासन में निहित है।
4. जिस राष्ट्र, समाज, जाति अथवा समुदाय के लोग अनुशासित जीवन के नियमों का पालन नहीं करते वह राष्ट्र, समाज अथवा जाति पतन की ओर अग्रसर हो जाती है।
5. अनुशासन का महत्त्व

❑

20. कहानी और अनुच्छेद-लेखन

(क) विद्यार्थी स्वयं करें। (ख) विद्यार्थी स्वयं करें।

21. पत्र और निबंध-लेखन

(क) विद्यार्थी स्वयं करें। (ख) विद्यार्थी स्वयं करें

सेमेस्टर-1 अद्‌र्धवार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

1. (क) (i) (ख) (ii) (ग) (i) (घ) (iv) (ङ) (ii)
2. (क) सिक्के (ख) रेलगाड़ी (ग) पंचायत (घ) वॉयलिन
   (ङ) सोसाकु कोबायाशी
3. माँ तुम्हारा ऋण बहुत है,
   कर रहा फिर भी निवेदन।
   थाल में लाऊँ सजाकर
   स्वीकार लेना, यह समर्पण।
4. (क) लोग बूढ़े कुत्ते के साथ बड़ा ही बुरा व्यवहार करते थे। उसे बार-बार दुत्कारा-फटकारा जाता था। इस पर भी न भागने पर उसकी झाड़ू और डंडो से पिटाई की जाती थी।
   (ख) कवि देश की धरती के लिए अपना तन-मन जीवन समर्पित करना चाहता है। क्योंकि वह उसकी मातृभूमि है और अपनी मातृभूमि की रक्षा करना हम सबका परम कर्तव्य है।
   (ग) सिंदबाद ने भारत से वापस जाने का कारण हिंदुस्तान की तरक्की बताया।
   (घ) लेखक ने धन की अपेक्षा समय को अधिक महत्त्वपूर्ण माना है, क्योंकि धन तो आता-जाता रहता है, किंतु समय फिर वापस नहीं आता।
   (ङ) विद्यार्थी स्वयं करें।
5. (क) (v) (ख) (iv) (ग) (ii) (घ) (i) (ङ) (iii)
6. (क) भूमि, धरा, पृथ्वी (ख) नयन, चक्षु, लोचन
   (ग) अम्बा, मातृ, जननी (घ) नीरज, पंकज, सरोज
   (ङ) कर्ज, उधार, लोन
7. (क) धर्मात्मा (ख) महाशय
   (ग) हरीच्छा (घ) लघूत्तर
8. (क) गज के समान मुख वाला—बहुव्रीहि समास
   (ख) हाथों के लिए कड़ी—तत्पुरुष समास
   (ग) देवों में है जो महान (शिव)—बहुव्रीहि समास
   (घ) रात ही रात में—अव्ययी भाव समास

9\. (क) इत (ख) वती
(ग) इयत (घ) पन

10\. (क) नम्रता (ख) विष
(ग) रात (घ) कठोर

सेमेस्टर-2 वार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

1\. (क) (ii) (ख) (i) (ग) (i) (घ) (iv)
(ङ) (ii)

2\. (क) बेटे को लेकर (ख) घमण्ड (ग) मन्दिर (घ) लंबी
(ङ) विजयी

3\. (क) कविराय, दुख कछु तरहि न हारे।
खटकत है जिय माहिं, कियो जो बिना

(ख) सबको जो है बाँधती
वह हिंदी है,
हर भाषा को सभी बहन जो मानती
(अध्यापक की सहायता से भावार्थ लिखें।)

4\. (क) दौलत सबकी परीक्षा अतिथि की भाँति लेती है।

(ख) निर्धन मित्र की विद्रवत्ता की ख्याति सुनकर उस राज्य के राजा ने अपने दरबार में उसका स्वागत किया और उसकी विद्रवत्ता पर मुग्ध होकर उसे अपना राजमंत्री बना लिया।

(ग) वैज्ञानिकों ने यह सोचकर दूसरा मशीनी मानव नहीं बनाया कि जब पहले वाले ने ऐसा करतब दिखाया है, तो दूसरा न जाने क्या-क्या जुल्म ढाएगा।

(घ) पतझड़ के कोशिश करने पर भी उपवन नहीं मरता है। ऐसा इस प्रकार संभव होता है कि जब-जब पतझड़ आते हैं तब-तब पेड़ों के सारे पत्ते झड़ जाते हैं किंतु पुन: उनमें नए पत्ते आ जाते हैं और उपवन फिर से हरा-भरा हो जाता है। इस प्रकार उसका अंत नहीं होता।

(ङ) 'टेक ऑफ बोर्ड' किसी चीज के लिए एक निर्धारित रेखा है।

5\. (क) (iv) (ख) (v) (ग) (i) (घ) (ii) (ङ) (iii)

6\. (क) अस्वीकार (ख) छात्र (ग) बेईमान (घ) शहरी

7\. (क) आर्थिक (ख) सामाजिक (ग) नैतिक (घ) दूधवाला

8\. (क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) अकर्मक (घ) सकर्मक

9\. (क) जैसे ही दिन निकला, वैसे ही पक्षी चहचहाने लगे।
(ख) जैसे ही शाम होगी, हम खेलने जाएँगे।
(ग) जो छात्र कक्षा में प्रथम आया है, उसे मैं जानता हूँ।

10\. (क) अँगूठा दिखाना (देने से स्पष्ट मना करना) मेरे रुपए माँगने पर रमन ने अँगूठा दिखा दिया।

(ख) उल्लू बनाना (मूर्ख बनाना) भोले-भाले लोगों को उल्लू बनाना आसान है।

(ग) खाक छानना (मारे-मारे फिरना) जुए में सारा पैसा लुटाने के बाद रामनाथ दो वक्त की रोटी के लिए खाक छानता फिरता है।

❑